**दिनांक 09.01.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में सासाराम जिलान्तर्गत करगहर प्रखंड में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन का निर्माण कार्य हेतु प्राप्त परिवाद पर विचार हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही :-**

**उपस्थितिः-**

(i) **श्री कुमार रवि,** - **अध्यक्ष**
सचिव,
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(ii) **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,** - **सदस्य**
अभियंता प्रमुख-सह-अपरआयुक्त-सह-विशेष सचिव
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(iii) **श्री मनोज कुमार सिंह,** - **सदस्य**
मुख्य अभियंता (दक्षिण),
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(iv) **श्री विकास कुमार पाण्डेय,** - **सदस्य**
आंतरिक वित्तीय सलाहकार,
भवन निर्माण विभाग, पटना।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | - सासाराम जिलान्तर्गत करगहर प्रखंड में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन का निर्माण कार्य। |
| 2 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग का | - ₹16,62,10,000/- (सचिव, ग्रामीण विकास विभाग का ज्ञापांक-3556556 दिनांक-10.01.2025) |
| 3 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - ₹10,38,50,100/- (मु0अभि0(नि0) का पत्रांक-965(नि0) अनु0 दिनांक-11.07.2025) |
| 4 | परिमाण विपत्र की राशि | - ₹ 10,32,70,503/- (असैनिक कार्य) |
| 5 | निविदा की राशि | - ₹ 12,52,26,592/- |
| 6 | निविदा आमंत्रण सूचना सं0 एवं प्रसंग | - पी0आर0संख्या-007111(भ0) 25-26 मिडिया दर्शन समाचार पत्र में दिनांक-28.05.2025 में प्रकाशित। |
| 7 | निविदा आमंत्रण की तिथि | - 25.06.2025 |
| 8 | प्री-बीड की बैठक की तिथि | - 22.07.2025 / 23.07.2025 |
| 9 | निविदा की तिथि | - 09.08.2025 |
| 10 | निविदा खोलने की तिथि | - 11.08.2025 |
| 11 | **निविदादाता का नाम एवं पता** | - (1) कामाख्या नारायण सिंह, न्यू पुलिस लाईन, आरा।<br>(2) अमित कुमार सिंह, सिविल लाईन, रोहतास।<br>(3) सुशील कुमार सिंह, नुनसारी, नोखा, रोहतास। |

12 **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्यः-**
**प्रथम बार आमंत्रित ई-निविदा (वर्त्तमान) की कार्यवाहीः-**

दिनांक 16.09.2025 को संपन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक मे इस निविदा मे शामिल कुल तीन निविदाकार मे से दो निविदाकार को सफल एवं एक निविदाकार को असफल किया गया। जो इस प्रकार हैः-

**सफल निविदाकारः-**

(1) अमित कुमार सिंह, सिविल लाईन, रोहतास।
(2) सुशील कुमार सिंह, नुनसारी, नोखा, रोहतास।

**असफल निविदाकारः-**

(3) कामाख्या नारायण सिंह, न्यू पुलिस लाईन, आरा द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि उक्त निविदा में निविदाकार द्वारा अपलोडेड अनुभव प्रमाण-पत्र के सत्यापन के क्रम में उप प्रबंधक तकनीकी (असैनिक) बी0एस0ई0आई0डी0सी0, रोहतास के पत्रांक-225 दिनांक-27.08.2025 एवं कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सासाराम के पत्रांक-2097 दिनांक-28.08.2025 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि संवेदक द्वारा समर्पित अनुभव प्रमाण-पत्र त्रुटिपूर्ण है। अतः इन्हें तकनीकी बीड में **"नॉन-रिसपॉसिव"** पाया गया।

तकनीकी समिति के निर्णय पर आपत्ति दर्ज करने हेतु दिनांक-17.09.2025 के पूर्वाह्न 10:00 बजे तक विभागीय वेबसाईट पर अपलोड किया गया।

13 **प्राप्त आपत्ति पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाहीः-**

| परिवादी द्वारा दिया गया परिवाद | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णय |
|---|---|
| परिवादी यशवंत नारायण सिंह, पकड़ी रोड, आरा के पत्रांक-शून्य दिनांक-14.09.2025 को यह परिवाद दिया गया है कि- <br> संवेदक Sushil Kumar Singh के द्वारा निम्नलिखित निविदा में भाग लिया है Construction of Block-cum-Circle Office Building at Karaghar, Rohtas इन निविदा मे इनके द्वारा Electrical License (Sub-Contract/Sublet) के रूप में दिया गया है। <br> SBD के Clause 4.5A(d) (The contractor or his identified sub-contractor should possess required valid electrical license for executing the building electrification works and should have executed similar electrical works for a minimum amount as indicated in Appendix in any one year) के तहत Electrical License (Sub-Contract/Sublet) करने पर Sub-Contractor का अनुभव प्रमाण-पत्र अपलोड करना अनिवार्य है। परन्तु संवेदक Sushil Kumar Singh के द्वारा उक्त निविदा में Sub-Contractor का अनुभव प्रमाण-पत्र अपलोड नहीं किया गया है फिर भी संदेहास्पद रूप से संवेदक को Technical Bid में सफल घोषित किया गया है। इनके द्वारा Existing Commitment & on Going Works की गलत गणना दिखा कर अपना Bid Capacity बढ़ाया गया है जिसकी जॉच इनके द्वारा दिखाये गए Existing Commitment & On Going Works की मापी पुस्तिका से अथवा सम्बंधित कार्यपालक अभियंता से सम्पुष्टि के उपरांत ही इन्हे तकनिकी निविदा में सफल घोषित किया जाये। यह पूर्ण रूप से निविदा के शर्त्तो का उलन्घन है औ जॉच का विषय है। <br> अतः महाशय से अनुरोध है कि SBD के नियम एवं शर्त्तो का पालन करते हुए निष्पादन करवाने की कृपा करें। मेरे द्वारा उपर दिये गये विषयांकित बिन्दुओं की अवलोकना परांत निष्पक्षता पूर्ण जॉच करवाने की कृपा करे। | उक्त परिवाद के आलोक में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गई, समीक्षोपरांत पाया गया कि निविदाकार Sushil Kumar Singh द्वारा अपना Electrical License एवं अनुभव प्रमाण-पत्र संलग्न किया गया है जो निविदा में मांगी गयी शर्त्तो/मदों की मात्रा को पूरा करता है एवं Existing Commitment & on going works का साक्ष्य स्वतः अभिप्रमाणित कर समर्पित किया गया है, जिसकी गणना Bid Capacity में की गई है। साथ ही उनके द्वारा घोषणा पत्र भी संलग्न किया है एवं परिवादी श्री यशवंत नारायण सिंह, पकड़ी रोड, आरा द्वारा समर्पित किया गया है जो कि इस निविदा में निविदाकार नहीं है। <br> अतः परिवादी यशवंत नारायण सिंह, पकड़ी, आरा द्वारा दिये गये परिवाद की जॉच की गयी एवं परिवादी द्वारा दिये गये परिवाद को अमान्य किया जाता है। |

अतः तीन निविदाकार में से दो निविदाकार को ''रिसपॉसिव'' एवं एक निविदाकार को तकनीकी बीड में ''नॉन-रिसपॉसिव'' करने की अनुशंसा की जाती है।

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से (1) अमित कुमार सिंह, सिविल लाईन, रोहतास (2) सुशील कुमार सिंह, नुनसारी, नोखा, रोहतास को **सफल** (3) कामाख्या नारायण सिंह, न्यू पुलिस लाईन, आरा को **असफल** घोषित करने का अनुशंसा की गयी एवं सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष रखने का निर्णय लिया गया।

14 **विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-**

सम्यक् विचारोपरांत विभागीय निविदा समिति द्वारा सर्वसम्मति से तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी अनुशंसा पर सहमति प्रदान की गयी। इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड की जाय।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| ह0/- | ह0/- | ह0/- | ह0/- |
|---|---|---|---|
| **(विकास कुमार पाण्डेय)**<br>आंतरिक वित्तीय सलाहकार,<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। | **(मनोज कुमार सिंह)**<br>मुख्य अभियंता (द0)<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। | **(सुरेश प्रसाद प्रभाकर)**<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त<br>-सह- विशेष सचिव,<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। | **(कुमार रवि)**<br>सचिव,<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। |

ज्ञापांकः- भवन/मु0अभि0(द0)यो0प्राक्0-01-47/2025........1445........ पटना/दिनांक....09/01/26.........

प्रतिलिपिः- आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

09/01/26

मुख्य अभियंता (द0)।

Nitya 9/1/26

E:/V/Block.F.P-3/2026- 34